Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 07-12-2005

Participants : Tirath Smt. Krishna

>

Title : Need to accord group 'C' Governemnt servant status to Anganwadi workers in the country.

श्रीमती कृणा तीरथ (करोल बाग) : महोदय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकारी रोजगार की तरह माना जाये। उन्हें तृतीय श्रेणी के गवर्नमेंट सर्वेंट की तरह ही सुविधायें दी जायें, क्योंकि इनका कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। हर समस्या के समय देश के हर राज्य के आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से मदद ली जाती है। जैसेः- कहीं महामारी हो जाये, टीकाकरण हो, पोलियो उन्मूलन हो या एडस से बचन का प्रचार हो, हम इन्हीं कार्यकर्ताओं की सहायता लेते हैं।

ये सभी महिलायें हैं और लाखों की संख्या में पूरे देश में कार्यरत हैं। इनकी मदद करने से लाखों परिवारों को लाभ पहुंचेगा तथा इन्हें इनका अधिकार मिलेगा और महिला को सशक्त करने का एक रास्ता भी होगा। महिला भारत की नींव है। उसके मजबूत हुए बिना भारत मजबूत नहीं हो सकता। इसीलिए हर स्थान पर जहां आवश्यकता है, हमें महिलाओं को पूरी पूरी सुविधायें देनी चाहिए, जिससे देश की भावी पीढ़ी शारीरिक एवं मानसिक रूप से शक्तिशाली रूप में उभर कर देश का अच्छा निर्माण कर सकें और इस देश को विश्व में सबसे अग्रणी रख सकें।